राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–307/2023

राज्यपाल ने पटना वि०वि० में हुई गोलीबारी की घटना के दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया

पटना, 04 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को राजभवन में बुलाकर उनसे पटना विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया। उन्होंने घटना में शामिल कथित बाहरी व्यक्तियों को चिन्ह्ति कर उनकी गिरफ्तारी का भी निदेश दिया।

राज्यपाल ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को कड़े कदम उठाने का निदेश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर सख्तीपूर्वक रोक लगाने का भी निदेश दिया।

....